**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 मई 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- निर्वाचन आयोग के विशेष चुनाव खर्च पर्यवेक्षक बी आर बालाकृष्णन ने मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को हरियाणा में 25 मई को मतदान के दिन विशेष नाकों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- हरियाणा में चुनाव के दौरान अब तक 62 करोड़, 3 लाख रूपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं नकदी सहित बहुमूल्य वस्तुयें ज़ब्त की गई।
- किसान नेता राकेश टिकैत एवं सुरेश कौथ ने कुरूक्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला को समर्थन देने का ऐलान किया।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर पहुंचा,
- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जींद और रोहतक में रोड शो निकाला।

.....................................................................

निर्वाचन आयोग के विशेष चुनाव खर्च पर्यवेक्षक बी. आर. बालाकृष्णन ने आज चंडीगढ़ में हरियाणा व पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमा शर्मा तथा संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

श्री बालाकृष्णन ने सभी अधिकारियों को 25 मई को हरियाणा में मतदान के दिन एजेंसियों द्वारा विशेष नाकों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस को शराब के कारखानों पर भी निगरानी रखनी होगी। उन्होंने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा चुनाव के दौरान अब तक शराब मादक पदार्थों एवं अन्य सामान की जब्ती पर संतोष व्यक्त किया।

.....................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में अब तक 62 करोड़ 3 लाख रूपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं बहुमूल्य वस्तुयें जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन कार्यालय के राज्य नोडल अधिकारी मनीष लोहान से लेते हैं और जानकारी:-

***''प्रदेश में अब तक जब्त की गई 62 करोड़ रूपये से अधिक की अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं कीमती वस्तुओं में 14 करोड़ 94 लाख रूपये की नकदी भी शामिल है।***

***गुरूग्राम जिले में सर्वाधिक 3 करोड़ 12 लाख रूपये की नकदी जब्त की गई जबकि रोहतक जिले में लगभग पौने 2 करोड़, करनाल जिले में डेढ़ करोड़ से अधिक, सोनीपत जिले में एक करोड़, 46 लाख रूपये तथा सिरसा जिले में एक करोड़ 37 लाख रूपये की राशि जब्त की गई है।''***

मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न एजेंसियों द्वारा चुनाव के दौरान 13 करोड़ 28 लाख रूपये की 4 लाख 3 हज़ार 898 लीटर से अधिक शराब पकड़ी गई है और सर्वाधिक 84 हज़ार 954 लीटर अवैध शराब सोनीपत जिले से पकड़ी गई है। इसके अलावा प्रवर्तन एजेंसियों ने 13 करोड़ 75 लाख रूपये कीमत के मादक पदार्थ और 16 करोड़ 70 लाख रूपये का कीमती सामान एवं 3 करोड़ 30 लाख रूपये की अन्य वस्तुयें जब्त की गई है।

........................................................................

किसान नेता राकेश टिकैत व सुरेश कौथ ने कुरूक्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला को समर्थन देने का ऐलान किया है।

किसान नेताओं ने इस संबंध में एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि किसान आंदोलन के दौरान किसानों के समर्थन में विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण उन्हें यह समर्थन दिया गया है।

इससे पहले भारतीय किसान यूनियन से गुरनाम चढ़ूनी भी उन्हें समर्थन देने का ऐलान कर चुके हैं।

..........................................................................

हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज जींद और रोहतक में रोड शो निकाला।

रोहतक में श्री नड्डा के रोड शो में रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा, बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर उपस्थित रहे। यह रोड शो रोहतक के प्रमुख बाजारों से होकर गुज़रा। एक रिपोर्ट:-

***"रोड शो पावर हाउस चौक से शुरू होकर शहर के प्रमुख बाजारों से गुजरा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में लगे नारे व लोगों द्वारा फूल बरसाए जाने से उत्साहित श्री नड्डा ने बीजेपी प्रत्याशी की जीत की दवा की है। यह रोड शो इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि रोहतक लोकसभा क्षेत्र को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गढ़ माना जाता है और उनके सुपुत्र राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा इस सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव मैदान में है। रोहतक से आकाशवाणी समाचार के लिए दीपक खोखर"***

इस दौरान श्री नड्डा ने लोगों से बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा को जिताने की अपील की।

बाद में जींद में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी मोहन लाल बड़ोली के पक्ष में रोड शो निकालने के बाद श्री नड्डा ने जनसमूह को संबोधित किया और विपक्ष दल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उनका शासनकाल घोटालों से भरा रहा।

उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को निशाने पर लेते हुए परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनवाया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक कृष्ण मिड्डा और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

.............................................................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज फ़रीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह व पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने मतदाताओं को निश्चिंत होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

फ्लैग मार्च की शुरुआत बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अंखीर चौक से हुई। 6 विधानसभा क्षेत्रों में निकाला गया यह फ्लैग मार्च फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में समाप्त हुआ।

.............................................................

कुरूक्षेत्र के शाहबाद में आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल ने रोड शो निकाला।

श्रीमद देवी भगवती बाला सुंदरी मंदिर से शुरू हुआ यह रोड शो विभिन्न बाजारों से होता हुआ मुख्य मार्ग पर शिव द्वार के पास आकर संपन्न हुआ। हर आयु वर्ग के लोगों से रोड शो को भारी समर्थन मिला। भीषण गर्मी के मद्देनजर इस दौरान जगह जगह छबीलें भी लगाई गई।

.............................................................

कैथल में आज एक प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से बी.जे.पी. प्रत्याशी नवीन जिन्दल के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने सममेलन में बी.जे.पी. सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों में किए गए काम क्रमबद्ध तरीके से गिनवाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ नवीन जिन्दल की सेवा लोगों के सामने है, जबकि दूसरी ओर तुष्टीकरण की नीतियां अपनाई जा रही हैं।

पत्रकारों से बात करते हुए श्री धामी ने कहा कि गठबंधन मुद्दा विहीन है। श्री धामी ने कहा कि विपक्ष इस पूरे चुनाव में कहीं नहीं है।

.....................................................................

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल के गांव कुसलीपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक दीपक मंगला बी.जे.पी. नेता वीरपाल दीक्षित एवं डॉ. हरेंद्र पाल राणा मौजूद रहे।

श्री गुर्जर ने केंद्र सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। आज भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन देश के बारे में कभी नहीं सोचा। जिसका परिणाम है कि कांग्रेस सत्ता से कोसों दूर है।

श्री गुर्जर ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने जनता से 25 मई को बी.जे.पी. के पक्ष में वोट डालने की अपील भी की।

.....................................................................

हरियाणा में आज आतंकवादी विरोधी दिवस पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पुलिस मुख्यालय पंचकूला के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा से लड़ने की शपथ दिलाई।

फरीदाबाद में भी पुलिस कर्मियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई गई।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई को हर वर्ष आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

.....................................................................